Press Release 19.03.2020

नावेल कोरोना वायरस के बढ़ते हुए कहर को देखते हुए mcf प्रशासन ने एहतियातन कुछ कदम उठाये है। गौरतलब है कि कोरोना वायरस से बचाव एवं रोकथाम हेतु भारत सरकार के स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी की गयी गाइडलाइन और mcf की कार्य प्रणाली की संरचना को ध्यान में रखकर mcf प्रशासन ने निम्न कार्यवाही की है :

1. कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सभी प्रकार की बहिर्गामी यात्राओं को न्यूनतम करने के लिए कहा गया है
2. बाहर से आने वाले सभी आगंतुकों को तकनिकी प्रशिक्षण केंद्र में स्क्रीनिंग के उपरान्त ही गेट पास जारी किये जा रहे है
3. सभी बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम को वर्तमान में रद्द कर दिया गया है
4. प्रवेश द्वार पर तैनात सिक्यूरिटी गार्ड भी आने वालों की स्क्रीनिंग कर रहे हैं
5. सामान लेकर आने वाले ट्रक ड्राइवर्स की थर्मल स्क्रीनिंग गेट न.3 पर करने के बाद ही एंट्री दी जा रही है
6. ट्रकों के अवागामन को सीमित करने के लिए इन्वेंटरी रिव्यु के पश्चात डिलीवरी को स्थगित किया गया है
7. सभी संबंधित फ्रंटलाइन स्टाफ को मास्क और हैण्ड सेनीटाईज़र प्रदान किये गए है
8. सभी रेल और संविदा कर्मचारियों को जानकारीवर्धक पम्फलेट बांटे गए हैं
9. सभी गेट पर कोरोना से संबधित पोस्टर्स लगाये गए हैं
10. mcf हॉस्पिटल में फ्लू कार्नर और फीवर क्लिनिक स्थापित किये गए हैं . आने वाले सभी व्यक्तियों की प्रथम जांच करने के बाद ही एंट्री दी जा रही है
11. टाउनशिप गेट, फक्ट्री गेट, एडमिन गेट और हॉस्पिटल में हैण्ड हेल्ड IR थर्मामीटर प्रदान किया गए हैं
12. कारखाने में कॉन्ट्रैक्टर्स और रेल कर्मचारियों की जागरूकता के लिए डॉक्टरों द्वारा जागरूकता अभियान किया जा रहा है
13. सभी प्रकार की समूह सभाएं स्थगित कर दी गयी हैं तथा कर्मचारियों को भी घरेलु समूह सभा नहीं करने की हिदायत दी गयी है
14. mcf में चलने वाली हॉकी अकादमी, गोल्फ अकादमी, और मुक्ताकाशी नृत्य एवं संगीत अकादेमी का संचालन स्थगित कर दिया गया है

अमित 19.03.2020

15. अधिकारी, पर्यवेक्षक और कर्मचारी क्लब में चलने वाली व्यायामशालाओं का संचालन भी स्थगित किया गया है

16. कॉलोनी एवं फैक्ट्री परिसर में गहन फोगिंग के लिए प्रबंध किये गए हैं

17. सभी सार्वजनिक शौचालयों को विशेष रूप से हाइपोक्लोराइट सोलुशन से सफाई कर स्वच्छ रखा जा रहा है . अतिरिक्त मात्रा में हैण्डवाश भी रखे गए हैं ताकि सभी कर्मचारी हाथों को स्वच्छ रख कर संक्रमित होने की सम्भावना को कम कर सकें .

18. फक्ट्री एवं प्रशासनिक भवन में स्थापित ऑडियो विडियो उपकरण में कोरोना सम्बन्धी जागरूकता विडियो प्रदर्शित किये जा रहे हैं

19. mcf हॉस्पिटल में डॉक्टर दीपक कुमार शाही को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया है। मुख्या चिकित्सा अधिकारी श्रीमती विश्व मोहिनी सिन्हा के निर्देशन में COVID-19 सम्बन्धी सभी तयारियां कर ली गयी हैं। डॉक्टरों और चिकित्सकीय स्टाफ के लिए PPE का विशेष ध्यान रखा गया है

20. mcf हॉस्पिटल और रायबरेली डिस्ट्रिक्ट के COVID-19 हेल्पलाइन नंबर्स का बारे में सभी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है

अमित
19.03.2020